इंजीनियरिंग कॉलेज में 44 छात्रों ने किया रक्तदान

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में रक्तदान करते छात्र। अमर उजाला

मैनपुरी। नगर के आगरा रोड स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ निदेशक प्रो. बैकुंठनाथ ने किया।

रक्तदान शिविर के उद्घाटन अवसर पर निदेशक ने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी या दुष्प्रभाव नहीं होता है, बल्कि एक नई ऊर्जा पैदा होती है। शिविर में 100 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 44 छात्र-छात्राओं ने जांच के बाद रक्तदान किया। ब्लड बैंक की तरफ से पहुंची टीम में डॉ. शिखा अग्रवाल, विनोद तिवारी, रत्नेश यादव, अनिल कुमार, सौरभ चौहान, अजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह आदि ने शिविर में ब्लड संचित करने का कार्य किया। इस दौरान प्रनव अग्रवाल, दीप कुमार यादव, देवेंद्र कुमार, अमन शाह, ब्रजेश शाह, ब्रजेश कुमार पाल, प्रियंका राजपूत अमन शाह, देवेंद्र, हर्ष कुमार का सहयोग रहा। बलजीत यादव ने बताया कि समाज के हित एवं जागरूकता के लिए इस तरह के आयोजन नियमित होंगे। संचालन डॉ. एमएन शुक्ला ने किया। ब्यूरो

Scanned by CamScanner